www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 10 फरवरी 2026


## सुविचार



वसंत अपने आप नहीं आता, उसे लाना पड़ता है। सहज आने वाला तो पतझड़ होता है, वसंत नहीं।

-हरिशंकर परसाई

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- ईओडब्ल्यू ने शाइन सिटी के एसोसिएट को किया गिरफ्तार II
- यूआईडीएआई की रंगोली 'उदय' ने जीता पहला इनाम III
- यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर रहेगी नजर IV


### शहर में आज



- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी की भर्ती रैली- 7:00 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन- 9:00 बजे से।
- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर में वार्षिकोत्सव -4:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

### सिटी ब्रीफ

#### तीन दिवसीय दस्तक यूथ फेस्टिवल आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवाओं के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय दस्तक यूथ फेस्टिवल इस साल 18 साल का हो जाएगा। 10, 11 और 12 फरवरी को यह महोत्सव अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मनाया जाएगा। महोत्सव में 30 से ज्यादा प्रतियोगिताओं में 55 विद्यालयों के 500 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। संयोजक दीपक कबीर ने बताया कि इस बार महोत्सव प्रकृति, पर्यावरण और हमारा उत्तर प्रदेश थीम पर होगा। जिसमें इको टूरिज्म, युवा भागीदारी और उत्तर प्रदेश पर ख़ास ध्यान रहेगा। दस्तक यूथ फेस्टिवल के पहले दिन मेंहदी, वाद-विवाद, क्रिएटिव इंस्टालेशन, एकल गायन, बैत बाजी, कविता, फोटोग्राफी और समाचार लेखन प्रतियोगिता होगी।

#### बकाये पर 158 विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** चार करोड़ से अधिक विज्ञापन शुल्क बकाये पर नगर निगम के प्रचार विभाग ने 158 विज्ञापन एजेंसियों एवं विज्ञापनदाताओं को तीन दिन का अंतिम नोटिस जारी किया है। पूरा भुगतान न करने पर नगर निगम शहर में लगे उनके सभी प्रचार-प्रसार से संबंधित होर्डिंग्स, बैनर, यूनिपोल, ग्लो साइन बोर्ड एवं अन्य विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्रवाई करेगा।

#### एलडीए की संपत्तियों का ई-ऑक्शन 23 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण आवासीय और व्यवसायिक संपत्तियों का 23 फरवरी को ई-ऑक्शन करेगा। पहले तिथि 7 फरवरी निर्धारित की गई थी। जिसे बढ़ा दिया है। इससे लोगों को प्रक्रिया में शामिल होने का समय मिलेगा। ई-ऑक्शन में गोमती नगर व गोमती नगर विस्तार की ज्यादातर संपत्तियां बिक्री के लिए लगाई जाएंगी।

#### केजीएमयू में परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल की परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्म 26 फरवरी तक भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनूप कुमार वर्मा की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा शुल्क छह हजार रुपये निर्धारित किया गया है। 1000 और 500 रुपये परीक्षा फॉर्म शुल्क भी जमा करना होगा। निर्धारित तिथि तक फॉर्म भरने के बाद 27 फरवरी से 7 मार्च के बीच संबंधित विभागाध्यक्ष विद्यार्थियों की पात्रता की जांच करेंगे। 9 मार्च से 16 मार्च के बीच डीन स्तर से फॉर्म को अग्रसारित किया जाएगा। प्रवेश पत्र 20 मार्च को जारी किए जाएंगे। परीक्षा 7 मार्च से 6 अप्रैल के बीच होगी।

#### दो प्लाटिंग ध्वस्त, दो निर्माण भी किए सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को चिनहट में अभियान चलाकर 15 बीघा में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दी। इंदिरा नगर के खुर्रमनगर में दो अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि साहिल जमाल खान, निशात फातिमा व अन्य चिनहट में लोनापुर रोड पर पांच बीघा में प्लाटिंग करके कालोनी विकसित कर रहे थे। केडी वर्मा व अन्य ग्राम भैसोरा में एसटीपी चौराहे के पास 10 बीघा में प्लाटिंग कर रहे थे। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत न होने के चलते प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि इंदिरा नगर के खुर्रमनगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर मोहम्मद कलीम का 300 वर्गमीटर व सचिन सिंह व अन्य का 700 वर्गमीटर भूखंड पर व्यावसायिक भवन सील किया गया।

# महिला विद्यालय की छात्राओं की सुरक्षा पर 'जिम्मेदार' मौन

- नहीं सुधर रहे अवांछित तत्व, एपी सेन कॉलेज की छात्राएं रोजाना होती हैं शर्मसार
- हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद भी बालिका विद्यालयों के आसपास जाम की समस्या ज्यों की त्यों

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी बालिका विद्यालयों के आस-पास जाम की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। उक्त विद्यालयों के आसपास छात्राओं से छेड़खानी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। मनचले अपनी बदमाशी बदस्तुर जारी रखे हैं। साथ ही कुछ जगहों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने में भी संबंधित कतरा रहे हैं।

सवाल यह कि अतिक्रमण हटाने व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कोरे दावे करने वाले विभागीय अधिकारी हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे हैं? अफसोसजनक यह कि नगर निगम या पुलिस-प्रशासन ने हाईकोर्ट द्वारा छह फरवरी को की गई संदर्भित टिप्पणी को हवा में उड़ाते दिख रहे हैं। आलम यह भी कि मनचलों द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं थम नहीं रहीं। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम के अधिकारी कान में रूई डाले हुए हैं। ''अमृत विचार'' ने चारबाग स्थित एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के आस-पास अतिक्रमण से जाम और छात्राओं से छेड़छाड़ की खबरें की खबरें लगातार छापी हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल से लेकर क्षेत्रीय पार्षद आशीष कुमार हितैषी से इस बावत रिपोर्टर ने बात भी की थी। लेकिन इस संवेदनशील मुद्दे पर महापौर ने अभी तक उदासीनता ही दिखाई है। कुछ दिन पूर्व कहने के बाद भी अभी तक उन्होंने मौके का मुआयना नहीं किया। क्षेत्रीय पार्षद ने भी इस मुद्दे पर असंवेदनशीलता बरतते दिख रहे हैं। तो क्या हाईकोर्ट का संदर्भित निर्देश फलीभूत नहीं हो पाएगा? इसे अब बेहद गंभीरता से समझना होगा।

### फुटपाथ पर पक्के मकान बना कर लिए कब्जा

- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज जाने वाले मार्ग पर लोगों ने फुटपाथ पर कब्जे कर पक्के मकान बना लिए हैं। इससे मार्ग संकरा हो गया है। छुट्टी के समय इस मार्ग पर छात्राओं को सड़क से वाहनों के बीच होकर पैदल मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। जिससे यहां भयंकर जाम लगता है। कॉलेज में अधिकांशत: प्रत्येक रविवार को प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन होता है। अतिक्रमण के कारण जाम से कुछ अभ्यर्थियों की परीक्षा तक छूट जाती है।



अतिक्रमण से घिरी सड़क से निकलतीं एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राएं। अमृत विचार

### गर्ल्स कालेज वाले रास्ते पर पुरुष अर्द्धनग्न करते स्नान

- एपी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज में ही करीब दो हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं। कॉलेज जाने के दौरान छात्राओं का सामना सड़क किनारे फुटपाथ पर अर्द्धनग्न स्नान कर रहे लोगों से होता है। ऐसी स्थिति में छात्राएं खुद को असहज महसूस करती हैं। क्षेत्रीय पार्षद आशीष कुमार हितैषी का कहना है कि उन्होंने वहां रह रहे लोगों को पानी की टंकी के पास स्नान करने के लिए सख्ती से मना किया है। लेकिन, इसका असर होता नहीं दिख रहा है। वहां अवैध रूप से पक्के घर बनाकर रह रहे लोगों व कुछ मनचले अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने से आखिर जिम्मेदार कतरा क्यों रहे हैं।

# प्रतिबंधित मांझे की निगरानी को उड़ा ड्रोन, शिकंजे में पतंगबाज

## डीसीपी पश्चिम जोन ने खुद संभाली कमान, खंभों में फंसा मांझा भी हटवाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित चाइनीच मांझा बेचने और इससे पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ सोमवार से कमिश्नरेट पुलिस ने और सख्ती शुरू कर दी है। प्रतिबंधित मांझे के साथ जहां दो पतंगबाजों सदफ अली और अयान खान को दबोचा गया वहीं डीसीपी पश्चिम जोन में जहां ड्रोन उड़ाकर पतंगबाजी करने वालों की तलाश की गई, वहीं दुकानों पर भी छापेमारकर जांच की गई। पुलों व तारों में फंसे मांझे को भी हटवाया गया।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव खुद मैदान में उतरे। उन्होंने ड्रोन उड़ाकर पतंगबाजों की तलाश की। एसीपी चौक राजकुमार, ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह और नगर निगम टीम ने हाईड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिये पुलों पर लगे पोल और तारों में उलझकर लटकते मांझे को हटवाया।

डीसीपी ने कहा कि प्रतिबंधित मांझा बेचने, रखने और इससे पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। कोई भी प्रतिबंधित मांझे को बेचते और इससे पतंग उड़ाते मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने निगोहां में दुकानदारों और क्षेत्रीय लोगों को जानलेवा मांझे के खतरों के बारे में जागरूक किया और इसके क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध की जानकारी दी। पुलिस ने दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया और राहगीरों को दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया।



पुलिस गिरफ्त में प्रतिबंधित मांझे के साथ पकड़े गए सदफ अली और अयान खान।

### 15 दिन में हुए हादसे

- **4 फरवरी :** मोहम्मद शोएब (33), दुबग्गा : हैदरगंज पुल पर गर्दन कटने से मौत।
- **2 फरवरी :** रोहित वर्मा (27), राजाजीपुरम : स्कूटी से जाते समय मिलएरिया पुल पर मांझे से गला कटकर गंभीर घायल।
- **29 जनवरी :** नसीम अहमद (45), चौक : बाइक चलाते वक्त हाथ में गहरा जख्म, टांके लगाने पड़े।
- **26 जनवरी :** प्राची श्रीवास्तव (19), आलमबाग : स्कूटी पर जा रही छात्रा के चेहरे पर मांझा लगा, कई टांके आए।

### बीएनएसएस की धारा 270 में होगी कार्रवाई



पतंगबाजों की निगरानी करता पुलिस का ड्रोन।

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 270 उस स्थिति में लागू होती है जब कोई व्यक्ति ऐसा लापरवाह या खतरनाक कृत्य करे जिससे मानव जीवन को खतरा पैदा हो या गंभीर चोट की आशंका हो। इस धारा में आरोपित की गिरफ्तारी हो सकती है और न्यायालय से सजा या जुर्माना दोनों का प्रावधान है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कांच लगा मांझा सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए इसे इसी श्रेणी में लिया गया है।

### सामान्य सूती धागे का ही करें प्रयोग

- डीसीपी ने लोगों से अपील की गई है कि पतंग उड़ाते समय सामान्य सूती धागे का प्रयोग करें। पुल-ओवरब्रिज जैसे स्थानों पर पतंगबाजी बिल्कुल न करें। सड़क पर पतंग की डोर में उलझकर वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ सकती है। मांझे की चपेट में आकर पक्षियों की जान भी चली जाती है। पतंगबाज भी कई बार जख्मी हो जाते हैं।



प्रतिबंधित मांझे से पतंग उड़ाने वालों की पहचान के लिए ड्रोन उड़ाते पुलिस अधिकारी।

### होलिका दहन स्थलों पर पुख्ता करें विद्युत सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** होलिका दहन स्थलों के पास बिजली के तारों, केबिलों और ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्य अभियंता जानकीपुरम वीपी सिंह ने कहा कि उपकेंद्र अधिकारियों को खुले तारों को प्रोटेक्शन शील्ड से कवर कराने और एसडीओ, अवर अभियंता समेत सभी कर्मचारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। होली पर चौबीस घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व मोबाइल ट्रांसफार्मर तैयार रखने और कर्मचारियों की शिफ्टवार तैनाती सुनिश्चित कर सूची मुख्यालय को भेजने को भी कहा गया है। रिजर्व मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

# पांच अवैध मजारों पर दूसरा नोटिस चस्पा

### केजीएमयू

- पहले दी गई नोटिस का पांच मजारों की ओर से नहीं मिला जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन ने परिसर में बनी पांच अवैध मजारों पर सोमवार को दूसरा नोटिस चस्पा करा दिया। मजारों को 28 फरवरी तक हटाने का समय दिया गया है। 23 जनवरी को छह मजारों पर नोटिस चस्पा कराए गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला था।

संस्थान के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि क्वीन मेरी अस्पताल के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन और टीजी हॉस्टल परिसर में अवैध मजारें और अतिक्रमण है। नोटिस में दी गई समय सीमा में मजारें नहीं हटाई गईं तो केजीएमयू प्रशासन अपने स्तर से हटाने की कार्रवाई करेगा। परिसर में वर्ष 1947 के बाद बनी मजारों को हटाया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि न्यू ऑर्थोपेडिक परिसर में स्थित मजार की कमेटी ने जवाब दिया है। इसमें मजार को वर्ष 1947 से पहले का बताया है। कमेटी की ओर से दावा किया गया कि मजार ऐतिहासिक है और इसका अस्तित्व आजादी से पहले का है। इस दावे की जांच की जा रही है।

# केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में पहले 24 घंटे इलाज के साथ जांचें भी मुफ्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीजों को अब शुरुआती 24 घंटे मुफ्त के इलाज के साथ जांचें भी निशुल्क कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था से तीमारदारों को जांच शुल्क जमा करने के लिए बार-बार कतार में खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर में 400 से अधिक बेड हैं। यहां प्रदेश भर से गंभीर मरीज लाए जा रहे हैं। हालत ये होती है कि बेड भर जाने पर स्ट्रेचर पर भर्ती कर इलाज दिया जाता है। अब भी तक मरीजों को पहले 24 घंटे इलाज और दवाएं तो मिलती थीं, लेकिन पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच के लिए अलग से शुल्क जमा करना पड़ता था। अब शुल्क नहीं देना पड़ेगा। ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि भर्ती के समय मरीज के यूएचआईडी नंबर में 11 हजार रुपये जमा किए जा रहे हैं।

इसी राशि से जांच शुल्क कटा जाता है। जांच में खर्च अधिक होता होने पर अतिरिक्त बजट भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे बाद यदि कोई राशि शेष बचती है तो वह केजीएमयू के खाते में वापस चली जाती है।

डॉ. प्रेमराज सिंह के अनुसार शुरुआती 24 घंटे में मरीजों की अधिकांश आवश्यक जांच पूरी हो जाती हैं, जिससे इलाज में तेजी आती है और मरीजों को काफी राहत मिलती है।

### लारी कार्डियोलॉजी में अब विजिटर के लिए पास

- अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती दिल के मरीजों को संक्रमण से बचाने और वार्ड में अव्यवस्था रोकने के लिए विजिटर पास व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक तीमारदार ही वार्ड में रह सकेगा। यह सेवा लागू करने वाला लारी कार्डियोलॉजी विभाग केजीएमयू का पहला विभाग बन गया है। लारी कार्डियोलॉजी विभाग में प्रतिदिन ओपीडी में 400 से अधिक मरीज आते हैं, जबकि 25 से 30 मरीज भर्ती किए जाते हैं। पहले एक मरीज के साथ तीन-चार तीमारदार वार्ड में रुकते थे, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता था। विशेष रूप से एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, वॉल्व प्रत्यारोपण और अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों पर बैक्टीरिया और वायरस का हमला अधिक संभावित होता है। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने बताया कि विजिटर पास की वैधता चार दिन के लिए रखी गई है। मरीज के साथ केवल एक तीमारदार वार्ड में रह सकेगा और डिस्चार्ज के समय पास को कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था से मरीजों की सुरक्षा बढ़ेगी और वार्ड में अव्यवस्था भी कम होगी।

### तैयारी

#### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में रैंकिंग में और सुधार के लिए नगर निगम ने तैयार की नई कार्ययोजना

# जनता से ले रहे सुविधाओं का फीडबैक, शिकायतों के निस्तारण पर जोर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में रैंकिंग में और सुधार के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर निकाय निदेशालय की ओर से सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में बेहतर कार्य के लिए प्रस्तुतीकरण दिया गया।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि इस बार पहले स्थान पर पहुंचने के लिए नगर निगम ने नई कार्ययोजना पर काम कर रहा है। पिछली बार के सर्वेक्षण में जहां कम अंक मिले थे, उन क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। नगर निगम की सुविधाओं पर जनता से अधिक से अधिक फीडबैक लिया जा रहा है। शिकायतों के शत प्रतिशत निस्तारण पर भी जोर है। स्कूलों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, अपर जिलाधिकारी, मंडल के समस्त अधिशासी अधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

हर जोन में नगर निगम बना रहा एक मॉडल वार्ड

प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन एवं उप नगर आयुक्त रश्मि भारती ने बताया कि नगर निगम के प्रत्येक जोन में एक मॉडल वार्ड बनाया जा रहा है। यहां कालोनियों के आवासीय और व्यावसायिक भवनों से नियमित कूड़ा कलेक्शन और साफ-सफाई की जाएगी। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां प्रतिदिन जाएंगी। इसके अलावा सभी भवनों से शत प्रतिशत यूजर चार्ज लेने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके बाद धीरे-धीरे प्रत्येक जोन में कई वार्डों को मॉडल वार्ड बनाया जाएगा।

### धीमा काम करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

- **अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने शहर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों पर विशेष जोर दिया और कहा कि सड़क को एक से दूसरे छोर तक पूरा किया जाए। महापौर ने कहा कि सड़क के दोनों ओर नालियों और पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया जाए। महापौर ने बैठक में वार्ड विकास निधि, 15वां वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, सीएम वैश्विक नगरोदय योजना, सीएम ग्रिड एवं सीएम नगर सृजन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। जिन कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन ठेकेदारों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि चेतावनी के बाद भी कार्यों में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर नए सिरे से टेंडर जारी किए जाएंगे। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा सहित सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे।




अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर, नगर आयुक्त और अन्य।

# टूड़ियागंज के आयुर्वेद कॉलेज में दवाओं का टोटा

- 70 प्रकार की दवाएं स्वीकृत, काउंटर पर पांच से छह तरह की ही मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद कॉलेज व चिकित्सालय में मरीजों को पर्चे पर लिखी सभी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। मरीजों को ज्यादातर दवाएं बाजार से लेने पड़ रही हैं। सोमवार को अस्पताल में सभी दवाएं न मिलने से मरीजों में नाराजगी दिखी।

आयुर्वेद चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन 450 से 500 तक मरीज पहुंचते हैं। कॉलेज के सूत्रों के अनुसार करीब 70 प्रकार की दवाएं स्वीकृत हैं, लेकिन इस समय पांच से छह तरह की ही दवाएं उपलब्ध हैं। सोमवार को अस्पताल पहुंची मरीज जूही शर्मा के परचे पर चिकित्सक ने चन्द्रप्रभा वटी, कांचनार गुग्गुल सहित एक अन्य दवा लिखी। जूही के मुताबिक दवा वितरण काउंटर पर लाइन में लगी। नंबर आने पर बताया गया कि परचे पर लिखी दवा मौजूद नहीं है। मरीज अंजू को भी त्रिफला चूर्ण सहित अन्य दवाएं लिखी गईं, जिनमें एक ही दवा मिल सकी। मरीज सारिका को भी पर्चे पर लिखी गई सात दवाओं में सिर्फ एक ही मिल सकी। सारिका ने बताया कि बाजार में 15 दिन की दवा करीब तीन हजार रुपये में मिलती है। मरीज वैजनाथ को भी पांच दवाओं में सिर्फ एक ही दवा मिली। इस संबंध में प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि, मई-जून से बजट नहीं मिला है, इसलिए दवाओं की कमी है। पत्राचार किया गया है, जल्द ही मरीजों को सभी दवाएं मिलने लगेंगी।

## सिटी ब्रीफ

### छह पर दर्ज हुई छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊः** विभूतिखंड इलाके में रहने वाली महिला ने छह लोगों पर मारपीट और छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला के मुताबिक वह विशेषखंड स्थित एक अपार्टमेंट में संजय अग्रवाल के फ्लैट संख्या 804 में काम करती थीं। उनके घर काम छोड़कर किसी दूसरे के फ्लैट पर झाड़ू-पोछा का काम करने लगी। एक फरवरी को सुबह 11 बजे वह काम करके निकल रही थीं तभी सुरक्षा कर्मी आसमा बानो उन्हें धोखे से संजय के फ्लैट में ले गईं। आरोप है कि जैसे वह फ्लैट में दाखिल हुईं तभी संजय अग्रवाल, उसकी बहू, अमित यादव, प्रियंका मित्तल व विकास ने पीटना शुरू कर दिया। उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर उसकी गर्भवती भाभी बचाने के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### ताला तोड़कर लाखों की चोरी, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊः** इंदिरा नगर निवासी रेलवे टेक्नीशियन दीपक भट्टाचार्य के घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये का सामान साफ कर दिया। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित के मुताबिक उनकी ड्यूटी प्रयागराज में लगी थी। वह 13 जनवरी को प्रयागराज गए हुए थे। 20 जनवरी की सुबह पड़ोसी ने उन्हें फोन पर घर में चोरी की जानकारी दी। पीड़ित घर आए तो देखा कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को घर में चोरी की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### खुदकुशी के मामले में दो पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊः** युवती की आत्महत्या के मामले में पिता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की है। चिनहट के कंचनपुर मटियारी इलाके में रहने वाले पिता के अनुसार उनकी 24 वर्षीय बेटी ने 7-8 नवंबर की रात फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। युवती आईएएस की तैयारी कर रही थी और घटना से पहले मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि हार्दिक त्रिपाठी उर्फ सत्यम त्रिपाठी और माही राज तिवारी से उनकी बेटी की करीबी दोस्ती थी। दोनों युवक लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पिता का कहना है कि युवती के मोबाइल में दोनों आरोपियों से जुड़ी व्हाट्सएप चैट और वीडियो मौजूद हैं। घटना के बाद पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में अर्जी दी गई। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सराफा बाजार से तीन दिन में समेटा सवा दो करोड़ का सोना, फरार

## बहराइच के कारोबारी ने चौक थाने में दर्ज कराई कारीगर व दलाल के खिलाफ एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमीनाबाद व चौक के कारोबारियों से लिया था सोना व चांदी




**अमृत विचार :** चौक सराफा बाजार से तीन दिनों के भीतर सवा दो करोड़ रुपये के सोने और चांदी के जेवर लेकर बहराइच का कारीगर व दलाल फरार हो गया। इस मामले में काजीपुर निवासी कारोबारी मंथन पाटिल ने कारीगर व दलाल अफजाल अहमद के खिलाफ चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

एसीपी चौक राजकुमार सिंह के अनुसार मंथन पाटिल की बहराइच शहर में 'एप्पल गोल्ड टंच आभूषण' नाम से दुकान है। मंथन ने पुलिस को बताया कि छह फरवरी को उन्होंने अपने कर्मचारी शिवाजी भोसले के साथ गाजीपुर गांव निवासी कारीगर व दलाल अफजाल अहमद को सोना लेने भेजा था। उसे अमीनाबाद स्थित ब्रजवासी ज्वैलर्स से 967 ग्राम सोना लेकर चौक सराफा बाजार में न्यू बालाजी आर्नामेंट्स के मालिक शनि वर्मा को देने के लिए कहा गया था। अफजाल ने कर्मचारी शिवाजी को चौक सराफा बाजार में बैठा दिया और खुद ब्रजवासी ज्वैलर्स पहुंचा। वहां से सोना लेने के बाद उसकी फोटो व्हाट्सएप पर भेजी और शनि वर्मा की दुकान जाने की बात कहकर वहां से फरार हो गया। बाद में उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस समेत तीन टीमें गठित की हैं। एक टीम बहराइच में दबिश दे रही है, जबकि अन्य टीमें दूसरे जनपदों में तलाश कर रही हैं। पुलिस आरोपी के परिजनों और करीबियों से पूछताछ कर रही है।

### 85 लाख के जेवर हड़पने का भी आरोप

एसीपी के मुताबिक अफजाल के खिलाफ शनिवार को चौक सराफा बाजार के कारोबारी हिमांशु ने भी 85 लाख रुपये के जेवर हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिमांशु की चौक में 'धनश्री चेन एंड ज्वैलर्स' नाम से दुकान है। चार फरवरी को बहराइच के आफताब ने 300 ग्राम सोना और 15 किलो चांदी के जेवर पैक कराए थे। भुगतान के दौरान उसने कारोबारी को बरगलाया और जेवर लेकर फरार हो गया।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचारः** पारा के सिल्वर सिटी कालोनी में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर अजय कुमार अवस्थी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सात लाख रुपये का सामान साफ कर दिया। पीड़ित को घटना की जानकारी सोमवार को हुई। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

काकोरी मोड़ स्थित सिल्वर सिटी कॉलोनी निवासी अजय कुमार अवस्थी प्रॉपर्टी डीलर है। उन्होंने बताया कि रविवार को वह पत्नी रीना, बेटे अश्विन के साथ भतीजी की शादी में शामिल होने उन्नाव हसनगंज के स्वर्णिम बैंक्वेट हॉल गए थे। सोमवार सुबह जब वह परिवार के साथ घर लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। यह देखकर प्रॉपर्टी डीलर के होश उड़ गए। वह घर के अंदर गए तो देखा कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर पार कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की। वहीं पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के घर में चोरी के मामले में जांच के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाया। फॉरेंसिक टीम को प्रॉपर्टी डीलर के घर से कुछ साक्ष्य मिले। उसे एकत्र कर जांच के लिए भेज दिया गया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने बताया कि घर के पास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस ने कैमरे की फुटेज देखी। उसमें दो नकाबपोश दिखाई दिए है।

### आढ़ती की पत्नी से चेन लुटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा बाइपास पर आढ़ती शशिकांत की पत्नी की चेन लूटने वाले को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने लूटी गई चेन भी बरामद की है। आरोपी ने 10 दिन पहले चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश बुद्धेश्वर निवासी गोविंद है। उसे दुबग्गा सब्जी मंडी गेट नंबर चार के पास से गिरफ्तार किया गया है। गोविंद की निशानदेही पर लूटी गई चेन भी बरामद कर ली गई है। करीब डेढ़ हफ्ते पहले सैंथा के मुन्नालाल खेड़ा निवासी सब्जी मंडी में आढ़ती शशिकांत राजपूत की पत्नी हरियाली अपनी नंद के साथ शॉपिंग करने अमीनाबाद जा रही थी। बाईपास पर वह ई-रिक्शा में बैठी थी। इस बीच पीछे से आये बदमाश ने गले में पड़ी सोने की चेन झपट्टा मारकर लूट ली और भाग निकला। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी की पहचान की गई थी। गोविंद एक दुकान पर मिठाई कारीगर है।

# साइबर जालसाजों ने चार लोगों से ठगे 9.18 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा, कृष्णानगर, आलमबाग और गुडंबा में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ में साइबर जालसाजों ने चार लोगों को अपना शिकार बनाते हुए कुल 9,18,804 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों की तहरीर पर पारा, कृष्णानगर, आलमबाग और गुडंबा थानों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

जानकीपुरम श्याम एन्क्लेव निवासी मयंक श्रीवास्तव को 8 और 9 दिसंबर को कॉल कर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच दिया गया। व्हाट्सएप ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़कर अलग-अलग खातों में कुल 7,12,500 रुपये जमा करा लिए गए। बाद में 20 लाख रुपये और जमा कराने को कहे जाने पर ठगी का शक हुआ। सेबी से पुष्टि के बाद 1930 हेल्पलाइन के माध्यम से 3.47 लाख रुपये होल्ड कराए गए।

पारा क्षेत्र में जाहिद नगर भपटामऊ आलम नगर निवासी अनिल की पत्नी संजू देवी से एपीके लिंक के जरिए 51,264 रुपये की ठगी हुई। वहीं कृष्णानगर के गोल्ड सिटी पंडितखेड़ा निवासी प्रिंस कुमार के क्रेडिट कार्ड से 48,040.48 रुपये कट गए।

आलमबाग के स्नेहनगर निवासी गौतम वाजपेयी का मोबाइल चोरी होने के बाद यूपीआई के जरिए 1.07 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

# ईओडब्ल्यू ने शाइन सिटी के एसोसिएट को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों का 60 हजार करोड़ रुपये हड़पने वाली कंपनी शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. के एसोसिएट को गिरफ्तार किया है। कंपनी का एसोसिएट नेकपाल सिंह उर्फ निक्की पिछले छह वर्ष से फरार चल रहा था। ईओडब्ल्यू उसे तलाश कर रही थी।

शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. ने देश भर में कार्यालय खोलकर लुभावनी योजनाओं के जरिये हजारों निवेशकों से करीब 60 हजार करोड़ रुपये जमा कराये। इसके बाद कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय बंद कर फरार हो गये। गिरफ्तार



गिरफ्तार शाइन सिटी का अधिकारी

- निवेशकों का 60 हजार करोड़ रुपये लेकर फरार हुई शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट कंपनी

आरोपी नेकपाल सिंह उर्फ निक्की शाइन सिटी के विपुल खंड स्थित कार्यालय में नेकपाल एसोसिएट नियुक्त हुआ था। वह माल के गागंन का रहने वाला है। उसे ईओडब्ल्यू की टीम ने कृष्णानगर इलाके से दबोचा। वह निवेशकों को कम्पनी की लुभावनी योजनाएं बताकर फंसाता था। सैकड़ों निवेशकों ने अपनी रकम जमा कर दी। तय समय के बाद इन निवेशकों को न तो योजनाओं का फायदा मिला और न ही उनकी रकम लौटाई गई थी। कंपनी के निदेशकों के फरार होने के बाद लोगों ने गोमतीनगर थाने में वर्ष 2020 में एफआईआर कराई थी। इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। ईओडब्ल्यू ने बताया कि कृष्णानगर निवासी नेकपाल ने कुछ समय पहले अपना नाम हर्षित सिंह रख लिया था। इस समय वह विन मोर नाम की रियल एस्टेट कम्पनी में नौकरी कर रहा था।

# एग्रीमेंट के बाद दूसरे को बेची जमीन, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्वास्तिक मल्टीट्रेड के निदेशक की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** रियल एस्टेट कंपनी ने किसान से भूखंड का एग्रीमेंट किया था। इसके बदले में 19.26 लाख रुपये दिये। किसान ने एग्रीमेंट के बाद भी दूसरे को भूखंड बेच दिया। जानकारी होने पर कंपनी के निदेशक ने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने किसान व खरीदने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोमतीनगर की स्वास्तिक मल्टीट्रेड के निदेशक सिद्धार्थ शर्मा ने 14 अगस्त 2025 को सिठौलीकलां निवासी किसान नन्हा से 55 लाख रुपये में जमीन बेचने का सौदा कर 19.26 लाख रुपये देकर एग्रीमेंट करवा लिया था।




किसान अनुसूचित जाति का होने के कारण उसने अनुमति लेकर जमीन का बैनामा करने की बात कही थी। इसी बीच किसान ने 18 नवम्बर 2025 को अपने भाइयों के साथ मिलकर जमीन का बैनामा केवल एक लाख साठ हजार रुपये में विक्रय दिखाकर गोसाईगंज के अखण्ड प्रताप सिंह के हाथों बेच दिया। पुलिस ने कम्पनी के कर्मी विवेक सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# 1.45 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस कमिश्नर कोर्ट के आदेश पर की गई कार्रवाई
- आठ वर्ष में गिरोह ने अपराध से तैयार किया करोड़ों का साम्राज्य

**अमृत विचार :** पुलिस कमिश्नरेट ने संगठित अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर आशीष सिंह उर्फ राजा और उसके दो साथियों मनीष सिंह तथा अवनीश सिंह चौहान की 1.45 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर कोर्ट के आदेश पर इंस्पेक्टर वजीरगंज की टीम द्वारा सोमवार को की गई। पुलिस के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां अपराध से अर्जित की गई थीं।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आशीष सिंह उर्फ राजा गिरोह का सरगना है। अभियुक्तों की जनरैलगंज क्षेत्र में, अतुल मेमोरियल स्कूल के पास थाना ठाकुरगंज अंतर्गत स्थित संपत्तियों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि इनके पास आय का कोई वैध ज्ञात स्रोत नहीं है। विवेचना में पुष्टि हुई कि यह संपत्ति विभिन्न आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से अर्जित की गई थी। प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज के प्रस्ताव पर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई गई।

**2018 से अपराध की दुनिया में सक्रियः** पुलिस के मुताबिक अभियुक्त सामान्य परिवार से थे, लेकिन आर्थिक लालच में अपराध की राह पर चल पड़े। वर्ष 2018 में प्लॉट पर कब्जा करने के उद्देश्य से जेसीबी से बाउंड्री वॉल तोड़ने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का पहला मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद गिरोह ने संगठित रूप से मारपीट, धमकी, तोड़फोड़, धोखाधड़ी और अमानत में खयानत जैसे अपराध किए। गिरोह के आतंक के चलते लोग शिकायत और गवाही देने से भी डरते थे। अपराधों पर रोक के लिए गैंगचार्ट तैयार कर थाना ठाकुरगंज में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना जारी है।

### पराठा खा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के कूड़ा चौराहे पर शनिवार शाम कबाब पराठा खा रहे युवक की दबंगों ने पिटाई कर दी गई। गौरव कुमार के मुताबिक वह जेहटा रोड स्थित सूरज इलेक्ट्रॉनिक्स, लक्ष्मी अस्पताल के पास रहता है और शनिवार को ड्यूटी समाप्त कर वह घर लौट रहा था। जेहटा रोड मोड़ पर कूड़ा चौराहे के पास एक दुकान पर कबाब पराठा खाने के लिए रुका था। इसी दौरान हयातनगर निवासी सतीश कनौजिया अपनी कार से अपने दोस्त उदय यादव और तीन अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि सभी ने दबंगई दिखाते हुए वहां मौजूद लोगों से अभद्रता करने के बाद पिटाई कर दी।

# हथियार से लैस दबंगों ने महिला से की अभद्रता, धमकाया, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्श्वनाथ प्लेनेट अपार्टमेंट की घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** विभूतिखंड स्थित पार्श्वनाथ प्लेनेट अपार्टमेंट में रहने वाली एक महिला को पड़ोसी द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए असलहा लहराया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आयुक्त के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता प्रतिभा त्रिपाठी के अनुसार, दो फरवरी की रात करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले शरद सिंह ने उनके पति के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो शरद सिंह अपने बेटे के साथ हथियार लेकर उनके टॉवर के नीचे पहुंच गया। उनके साथ अवधेश सिंह और विकास सिंह भी मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर प्रतिभा त्रिपाठी और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी।

बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने महिलाओं से भी गाली-गलौज की। घटना के समय टॉवर का सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद था। जब उसने रोकने का प्रयास किया तो उसे भी धमकाकर भगा दिया गया। पीड़िता ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

प्रतिभा त्रिपाठी ने बताया कि उनके पति विदेश में पेट्रोलियम इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और वह बच्चों के साथ फ्लैट में रहती हैं। उन्होंने स्वयं और बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के अनुसार पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## लापरवाही



कमता चर्च रोड स्थित अजय नगर में खाली प्लॉट में जलाया जा रहा कूड़ा बन रहा कालोनी वासियों की समस्या की वजह।

# महिला से विला और भूखंड के नाम पर 84.60 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रुपये वापस मांगने पर जातिसूचक गालियां और जान से मारने की दी धमकी
- विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** विभूतिखंड मंत्री आवास के पास रहने वाली अनीता मौर्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पंजाब निवासी रियल एस्टेट कारोबारी सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व उनकी पत्नी रेनू श्रीवास्तव ने विला व भूखंड देने के नाम पर उनसे 84,60,000 रुपये लिये। इसके बाद भी उनको विला और भूखंड नहीं मिला। रुपये वापस करने के लिए कहा तो आरोपियों ने उनको जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अनीता के मुताबिक आरोपियों ने भूखंड और विला बुक कराने के नाम पर नकद और चेक से कई किश्तों में रकम लिया। बाद में उनका एक प्लॉट भी अपने परिचित से बिकवा दिया। बिक्री की रकम हासिल कर आरोपियों ने कई खातों में जमा कराया। इसके बाद आरोपियों ने भूखंड और विला दिया न ही कमीशन दिया। 2017 से आरोपियों से अपना पैसा वापस मांग रहे हैं। किसी तरह दो चेक दिया वह खाते में भुगतान के लिए लगाते ही बाउंस हो गया। इसके कारण पूरा परिवार अवसाद में चला गया है। पिछले वर्ष बेटी हादसे में घायल हो गई। वहीं, पति भी गंभीर रुप से बीमार हो गये। जून 2025 में दोबारा संपर्क किया तो आरोपियों ने धमकी दी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साइकिल सवार होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महानगर थानाक्षेत्र स्थित साईं मंदिर स्मृति वाटिका के पास रविवार देर रात को तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार होमगार्ड योगेंद्र नाथ शुक्ला (55) को टक्कर मार दी। हादसे में घायल योगेंद्र को स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ट्रामा सेंटर लेकर गयी। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक पुराना हैदराबाद निवासी योगेंद्र नाथ शुक्ला होमगार्ड थे। रविवार देर रात करीब 10.30 बजे वह साइकिल से घर जा रहे थे। साईं मंदिर स्मृति वाटिका के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने योगेंद्र को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन को हादसे की सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महिला पत्रकार व समाजसेवियों से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हनुमान सेतु मंदिर परिसर में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन के बाद परिसर में कुत्ते की पिटाई का विरोध करना महिला पत्रकार और समाजसेवियों को भारी पड़ गया। आरोप है कि मंदिर के सुरक्षाकर्मी और तीन अन्य लोगों ने मिलकर महिला पत्रकार व उनके साथियों के साथ मारपीट की, धमकी दी और पत्रकार की माइक व आईडी छीनने का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर महानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

घटना शनिवार शाम करीब 6.30 बजे महानगर स्थित हनुमान सेतु मंदिर परिसर की है। इंदिरानगर निवासी पत्रकार सोनी कपूर उर्फ रेनू अपने साथ समाजसेवी तपस्या शुक्ला, पूजा सिंह, आकाश और नेहा के साथ मंदिर दर्शन के लिए गई थीं। दर्शन के बाद बाहर निकलते समय उन्होंने देखा कि मंदिर का एक



गार्ड और तीन अन्य लोग एक कुत्ते को पीट रहे थे। कुत्ते के साथ हो रही क्रूरता का विरोध करने पर आरोपी आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि इस दौरान पत्रकार सोनी कपूर की माइक और आईडी छीनने की कोशिश की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने यह भी कहा कि सभी कुत्तों को मार देंगे और जो भी उन्हें बचाने आएगा, उसका भी यही हश्र होगा। मारपीट में पत्रकार और उनके साथ मौजूद लोग घायल हो गए। पीड़िता ने मामले की तहरीर महानगर थाने में दी है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के अनुसार तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# ताला तोड़ रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर की जान बचाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानगर स्थित डोगरा कोठी अपार्टमेंट के फ्लैट का पुलिस ने तोड़ा ताला, अस्पताल में भर्ती
- जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर वंशीधर डोगरा बेड पर अचेत मिले

**अमृत विचारः** महानगर स्थित डोगारा कोठी अपार्टमेंट में रहने वाले जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर वंशीधर डोगरा सोमवार सुबह बेड पर अचेत पड़े थे। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुई। इसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है।

अपार्टमेंट में रहने वाले शिवम सिंह के मुताबिक वंशीधर चौथी मंजिल पर फ्लैट संख्या 405 में अकेले रहते हैं। जबकि उनके घरवाले दूसरे जिले में रह रहे हैं। यहां वंशीधर की देखभाल के लिए केयर टेकर आता है। सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे नौकरानी




उनके फ्लैट पर आई थी। मगर दरवाजा न खुलने पर वह लौट गई थी। फिर करीब 12 बजे केयर टेकर आया। कई बार बेल बजाने पर भी जब वंशीधर ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने सिक्योरिटी गार्ड को इसकी जानकारी दी। कुछ अनहोनी की आशंका के चलते गार्ड ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो उन्हें वंशीधर बेड पर बेहोश मिले। आनन-फानन पुलिस ने उनके पास से मिले दस्तावेजों के जरिये उनके घरवालों को जानकारी दी। फिर वंशीधर को मैक्स अस्पताल पहुंचाया। शिवम ने बताया कि आशंका है की वंशीधर का ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। इसलिए उनकी हालत बिगड़ गई। फिलहाल अब उनकी हालत ठीक है।

# यूआईडीएआई की रंगोली 'उदय' ने जीता पहला इनाम

## 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के समापन समारोह में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** जन भवन प्रांगण में आयोजित 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), की रंगोली शुभंकर 'उदय' ने पहला पुरस्कार जीता। इस पुरस्कार में सबसे सुंदर वर्ग की स्व. श्रीमती यशोदा देवी ट्रॉफी यूआईडीएआई लखनऊ कार्यालय के निदेशक आकाश दीप, उप निदेशक आदित्य बाजपेयी एवं एम टी ओ राजेश कुमार, शालू यादव और इशीता वर्मा ने राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल से ग्रहण की।

सोमवार को हुए समापन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि यह प्रदर्शनी निरंतर विकसित होकर केवल फल, फूल और सब्जियों तक सीमित न रहकर अब बच्चों, युवाओं और परिवारों की रचनात्मक सहभागिता का सशक्त मंच बन चुकी है। उन्होंने कलात्मक वस्तुओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर कला निहित होती है, आवश्यकता उसे पहचानकर प्रोत्साहन देने की है। रचनात्मकता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल ने बच्चों के पोषण, किसानों के योगदान और रूफटॉप सब्जी व बागवानी को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने महिलाओं से विशेष रूप से इससे जुड़ने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में भारतीय सेना द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को उन्होंने विशेष आकर्षण बताया और सेना की टीम की प्रशंसा की। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी में फल, सब्जी और फूलों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने इसे उद्यान विभाग के लिए मील का पत्थर बताया।



राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल और अधिकारियों के साथ प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी की प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चे। अमृत विचार

### 3.5 लाख लोगों ने देखी प्रदर्शनी

- प्रदर्शनी में 1690 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के लिए 7,771 प्रविष्टियों का पंजीकरण हुआ। इसमें 1,719 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 3 .5 लाख से अधिक लोग प्रदर्शन देखने पहुंचे। दर्शकों ने लगभग 40 लाख रुपये की खरीदारी भी की। 155 स्टालों में करीब 46 हजार टिकट बिक्री से लगभग 9 लाख रुपये की आय हुई। चिकित्सा शिविर में लगभग 1400 लोगों का पंजीकरण कराकर कैंसर, दंत एवं टीबी जांच कराई।



प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के समापन समरोह में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल जब एक बच्ची को पुरस्कार दे रहीं थी, तभी अधिकारी ने उसकी ओर चाकलेट से भरी प्लेट बढ़ा दी। पुरस्कार को भूलकर बच्ची का ध्यान चॉकलेट पर टिक गया। टिकता भी क्यों न, बच्चों के लिए उनका सबसे बड़ा इनाम ये पसंदीदा चॉकलेट जो हैं।



प्रमाणपत्र लेता किशोर।

### लखनऊ पेक्स का भी समापन, प्रश्नोत्तरी, पत्र लेखन, डाक टिकट डिजाइन प्रतियोगिता के विजेता बच्चे पुरस्कृत

- **अमृत विचार, लखनऊ :** जनभवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी के अंतिम दिन भारतीय डाक विभाग की जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''लखनऊ पेक्स'' का भी समापन हो गया। इसमें लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फिलेटलिस्टों ने अपने दुर्लभ और संग्रहणीय डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया। चीफ पोस्टमास्टर, जीपीओ ने बताया प्रदर्शनी के दौरान विशेष आवरण, विशेष विरुपण और चित्र पोस्टकार्ड का विमोचन किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी, पत्र लेखन, डाक टिकट डिजाइन प्रतियोगिता, डाक टिकट संग्रह (फिलैटली) पर कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राज्यपाल ने प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, रचनात्मकता और ज्ञान के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

### चिड़ियाघर ने जीते पांच पुरस्कार

प्रदर्शनी में नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान ने पांच पुरस्कार अपने नाम किए। प्रदर्शनी में प्राणि उद्यान ने पांच वर्गों में भाग लिया। भाग-2, क्लास-33 के वर्ग संख्या 487 और वर्ग संख्या 488 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाग-2, क्लास-34 के वर्ग संख्या 493 एवं 490 में द्वितीय और वर्ग संख्या 492 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। समापन समारोह में सोमवार राज्यपाल ने चिड़ियाघर के निदेशक संजय कुमार बिश्वाल को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए।



पुरस्कार लेते संजय कुमार बिश्वाल।

### लविवि के मॉडल को भी मिला पुरस्कार

- प्रदर्शनी में कला एवं शिल्प महाविद्यालय के छात्रों के राम दरबार के मॉडल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। रंगोली एवं मॉडल में भगवान राम, माता सीता एवं हनुमान जी को दरबार में विराजमान दर्शाया गया, जिसे देखने वालों ने खूब सराहा। इस रचना को तैयार करने में गेंदा, गुलाब, जर्बेरा जैसे विविध प्रकार के फूलों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की सब्जियों का रचनात्मक उपयोग किया गया था। रचना में विधिता श्रीवास्तव, उत्कर्ष निगम, अंशिमा, सोनल सिंह धोनी, अमृता सिंह, हर्षित कुमार, चांदनी आर्या, आलोक कन्नौजिया, हर्षित शुक्ला, हर्षिता, सौम्या गुप्ता, अंकिता मोदनवाल, अंजलि चौरसिया, वाणी, शिवा प्रजापति, संतोष वर्मा, नैन्सी विश्वकर्मा एवं गुंजा कुमारी शामिल रहे। प्राचार्य रतन कुमार ने बहुत कम समय में इस उत्कृष्ट रंगोली एवं मॉडल को तैयार कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने पर सभी छात्रों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस परियोजना के समन्वयक रविकांत पांडे, डॉ. पूनम रवि जायसवाल तथा सह-समन्वयक अतुल हुंडू, डॉ. खुर्शीद ज़हरा, डॉ महती वशिष्ठ, अजय कुमार, दिनेश कुमार एवं सुमित कुमार ने छात्रों के साथ मिलकर अथक परिश्रम किया।

### नगर निगम को मिला दूसरा स्थान



ट्रॉफी के साथ अपर नगर आयुक्त।

प्रदर्शनी में लखनऊ नगर निगम द्वारा विकसित रूफ टॉप गार्डेनिंग मॉडल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 1000 से 2000 वर्गमीटर तक के पार्क की श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तर पर आयोजित इस प्रदर्शनी में विभिन्न जनपदों, संस्थानों एवं नगर निकायों ने नवाचारपूर्ण उद्यान एवं कृषि मॉडलों का प्रदर्शन किया था। राज्यपाल के हाथों लखनऊ नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविन्द कुमार राव, उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम एवं शशिकान्त ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस मॉडल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में सीमित स्थान का प्रभावी उपयोग करते हुए हरित वातावरण को बढ़ावा देना, तापमान संतुलन में सहायता करना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।



पुरस्कार के साथ बच्ची।

## सिटी ब्रीफ

### संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर से नहीं मिला वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर माह से वेतन नहीं मिला है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने कहा कि वेतन न मिलने से कर्मचारी आर्थिक के साथ मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से तत्काल लंबित वेतन जारी करने और राज्यों की तरह नियमित वेतन की व्यवस्था करने की मांग की है। संघ ने इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा है। उपाध्याय ने महाराजगंज में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के आत्महत्या के प्रयास करने पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने की परेशानी के चलते उसने ये कदम उठाया।

### पार्षद ने किया आरसीसी सड़क का उद्घाटन

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज क्षेत्र के दौलतगंज पार्षद रानी कनौजिया ने आरसीसी रोड सड़क का लोकार्पण किया। पार्षद ने बताया मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, पानी, नाली और स्वच्छता को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, मंडल अध्यक्ष दयाशंकर पांडे, शिशुपाल सिंह, रोहित सिंह, अरुण सिंह, आदिल, पूजा गौतम, अनिल उपस्थित रहे।

# बजट प्रदेश और देश को विकसित बनाने वाला

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के बजट पर आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बोले केशव प्रसाद मौर्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी न हो तो क्या कोई उत्तर प्रदेश में व्यापार करना चाहेगा? प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब व्यापारी पलायन कर रहे थे, पैसा सुरक्षित था न परिवार। आज प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की सुरक्षा की गारंटी है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की महानगर इकाई ने विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में 'यूनियन बजट 2026-27 व्यापारी सम्मेलन' का आयोजन किया। इसमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए नारा दिया कि 'जब बाजार जाएंगे माल स्वदेशी ही लाएंगे'। कहा कि वर्तमान बजट प्रदेश और देश को विकसित बनायेगा। अति विशिष्ट अतिथि नोएडा के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने अपने संबोधन में वर्तमान बजट को 2047 के विकसित और संस्कृति से समृद्ध विकसित भारत की नींव बताते हुए बजट को आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान बजट से देश का व्यापारी वर्ग प्रदेश और देश को विकसित बनाने की दिशा में अग्रणी रहेगा। व्यापारी सम्मेलन के संयोजक अभिषेक खरे ने उत्तर प्रदेश के उद्यमी एवं व्यापारी समाज की सुरक्षा, राहत एवं व्यापारिक सुगमता के लिए एक 5 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य अतिथि को सौंपा। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा, मनीष गुप्ता सह-संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, सुधीर हलवासिया, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, अजय त्रिपाठी मुन्ना, लखनऊ व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, मोबाइल एसोसिएशन के नीरज जौहर, अंजनी पांडेय, टिंकू सोनकर, सुमेर अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, मंगलेश मिश्रा, योगेंद्र सिंह, संजय जायसवाल, प्रवीण गर्ग मौजूद रहे।





व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

### लखनऊ का माल भी विदेश जाए, इसके लिए सरकार आपके साथ

- उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि देश के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी औद्योगिक क्रांति आ चुकी है। बहुत बड़े स्तर पर निवेश आ रहा है। लखनऊ के व्यापारियों का माल भी विदेश में जाए इसके लिए डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी है। पहले वैट के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न होता था लेकिन आज जीएसटी दर इतनी कम कर दी गई कि व्यापारी व्यापार करें और ईमानदारी से टैक्स दें। उसका परिणाम है कि आज देश आत्मनिर्भर भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर उभर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार आज सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। आज विपक्षी दल व्यापारी का मतलब भाजपाई ही समझते हैं और हमें इस पर गर्व है।

### विकसित उत्तर प्रदेश बनाना पीडीए के विजन और बूते की बात नहीं

- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ, अयोध्या, काशी, मथुरा व अन्य तीर्थ स्थलों पर 100 करोड़ से अधिक लोग दर्शन के लिए आए जो कुछ ना कुछ खरीद कर ले गए हैं। सपा सरकार के समय में प्रदेशवासियों और व्यापारियों की सुरक्षा खतरे में थी। इनका कार्य था कि फूट डालो और राज करो। अगले 21 साल तक प्रदेश में न समाजवादी पार्टी और न देश में कांग्रेस के आने की संभावना है क्योंकि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाना पीडीए के विजन और बूते की बात नहीं है। पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। संसद में राहुल गांधी के बयानों को घटिया विचार बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष निरंतर संसद की निष्पक्ष कार्यवाही में बाधा बनते हैं और वैसा ही रास्ता आज समाजवादी पार्टी ने विधानसभा में दिखाया। महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण के समय ऐसा हो हल्ला कर रहे थे कि जैसे छात्र संघ का चुनाव हो।

## सिटी डायरी

### इनर व्हील क्लब ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



कार्यक्रम में शामिल डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण के साथ क्लब की अन्य सदस्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ की ओर से निराला नगर के एक होटल में अपने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण उपस्थिति रही। क्लब ने समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास से जुड़े अपने विविध प्रोजेक्ट्स और गतिविधियों की प्रस्तुति दी। प्रिया नारायण ने क्लब की गतिविधियों की सराहना करते हुए सदस्यों को भविष्य में भी इसी समर्पण, एकता और सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। क्लब प्रेसिडेंट शिखा राज और सेक्रेटरी सीए पल्लवी अग्रवाल ने चेयरमैन और सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान की प्रशंसा की। प्रेसिडेंट शिखा राज भी रहीं।



महापौर से मुलाकात करते संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

### महापौर से मिले कर्मचारी नेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय कार्यशाला एवं आरआर कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने महापौर से कार्यशाला में प्रस्तावित नगर निगम मुख्यालय के भवन निर्माण से पहले भगवान विश्वकर्मा वाटिका, केंद्रीय कार्यशाला भवन बनाने के साथ कार्मिकों के बैठने की व्यवस्था कराने की मांग की। इसके बाद ही केंद्रीय कार्यशाला को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए। जिस पर महापौर ने दो दिन का समय मांगा और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष ने बताया कि 11 फरवरी को बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### वार्षिक उत्सव मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** रियल रूट्स एकेडमी का 20वां वार्षिकोत्सव कल्याणपुर स्थित आईआईएसई में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर सीएमडी आईआईएसई, फिरदौस सिद्दीकी और अतुल करण यादव उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ऑपरेशन सिन्दूर, पेड़ बचाओ, नाटिका, राधा-कृष्ण नृत्य और महाभारत पर आधारित लघु नाटिका से बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसमे समृद्धि तिवारी, अद्वैत, वैराज, वान्या, रक्षिता, वामिका, तुषार और शाम्भवी ने शानदार प्रदर्शन किया।




कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और अन्य भक्त।

### कलश यात्रा निकाली

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज स्थित श्री कल्याण गिरि मंदिर में श्रीशिव महापुराण कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर से बालागंज, ठाकुरगंज होते हुए कोणेश्वर मंदिर पहुंचे। व्यवस्था संयोजक अनुराग पांडेय ने बताया कि यात्रा में मुख्य रूप से मंदिर के महंत महावीर गीरी समेत मंदिर के सेवादार गणेश दत्त शुक्ला, अमिताभ पांडे, एस के मिश्रा, संजय शुक्ला, आदित्य शुक्ला, पंकज शुक्ला एडवोकेट, ललित दीक्षित, राजेंद्र शुक्ला, विजय सिंह शामिल रहे।

आयोजन

राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह में हुई प्रतियोगिताओं के विजेता किए गए पुरस्कृत

# चित्रकला में विवेकानन्द और कलश अलंकरण में अन्नपूर्णा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन सोमवार को पर्यटन एवं पर्यावरण चित्रकला, कलश अलंकरण और संस्कृति विरासत उत्तर प्रदेश चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पर्यटन एवं पर्यावरण चित्रकला विवेकानन्द रजक, कलश अलंकरण में अन्नपूर्णा वर्मा और संस्कृति विरासत चित्रकला प्रतियोगिता में उदय शर्मा पहला पुरस्कार जीता। अकादमी की डॉ. सुनील कुमार सिंह कुशवाहा द्वारा संपादित त्रैमासिक कला पत्रिका, डॉ. दुर्जन सिंह, प्रो. एस प्रणाम सिंह और योगेन्द्र नाथ योगी पर मोनोग्राफ का विमोचन किया गया।

### इनको मिले पुरस्कार

- पर्यटन एवं पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिता में विवेकानन्द रजक को प्रथम, अर्चिता वर्मा को द्वितीय, मारिया खातून को तृतीय और कलश अलंकरण में अन्नपूर्णा वर्मा को प्रथम, पिंटू को द्वितीय और वर्षा वर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। संस्कृति विरासत उत्तर प्रदेश चित्रकला प्रतियोगिता में उदय शर्मा पहले, सर्वजीत कुमारी प्रजापति दूसरे और वंदना तीसरे स्थान पर रहीं। संस्कृति विरासत उत्तर प्रदेश क्ले माडलिंग में श्रद्धा तिवारी को प्रथम, आराधना वर्मा को द्वितीय और आर्य सिंह जोनी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

मुख्य अतिथि प्रख्यात चित्रकार पद्मश्री वासुदेव कामथ ने अकादमी के सर्वोच्च सम्मान अधिसदस्यता सम्मान से अलंकृत प्रो. एस प्रणाम सिंह को सामने बिठाकर चित्रांकन किया। उन्होंने कहा कि युवा कलाकारों को नियमित स्केच करते रहना चाहिए, क्योंकि कलाकार की अभिव्यक्ति उसकी व्यक्तिगत नहीं होती बल्कि समाज के लिए होती है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए बनाई गई हर कृति को प्रदर्शित होना जरूरी है। कलाकार एक-एक चित्र बनाते हैं लेकिन जब कई कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी लगती है तो वह चित्र आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। अकादमी अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा ने कहा कि कलाकार अपनी कृति के लिए खुद को भूल जाता है। उन्होंने कहा कि अकादमी को ऐसे स्तर तक ले जाना है कि यहां कला और कलाकार दोनों को सम्मान मिले। अकादमी उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र ने भी संबोधित किया ।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

## अफवाह फैलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई, जाना पड़ सकता है जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके लिए बोर्ड ने क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया है जो हर समय सोशल मीडिया पर नजर रखेगी। साथ ही परीक्षा में नकल रोकने, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाही के लिए फौरन कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड-2026 की परीक्षाएं आगामी 18 अप्रैल से प्रदेश भर में प्रारंभ होने जा रही हैं। जिसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राज्य व जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीमें (क्यूआरटी) बनाई गई हैं। जो प्रश्नपत्रों और कापियों की सुरक्षा को लेकर दिन या रात कभी भी स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करेंगी। इसके अलावा परीक्षा को लेकर एसटीएफ की टीमें भी सक्रिय रहेंगी।

लखनऊ में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के लिए कुल 121 केंद्र बनाए गए हैं जबकि प्रदेश स्तर पर परीक्षा केंद्रों की संख्या 8033 हैं। ऐसे में नकल के साथ-साथ पर्चा लीक कराने वाले नकल माफिया व सोशल मीडिया पर पर्चा लीक की भ्रामक सूचना डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर कहीं कोई अफवाह व पर्चा लीक होने की खबर सामने आती है, तो क्यूआरटी समय रहते नियंत्रण करेगी। अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित किया जाएगा कोई नेटवर्क है तो उसे ध्वस्त करने में क्यूआरटी और एसटीएफ मिलकर कार्य करेंगे।

**जिला और मंडल पर होंगे पर्यवेक्षक :** बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए मंडल व जिलों में एक-एक पर्यवेक्षक तैनात किए जा रहे हैं। लखनऊ में संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों को लेकर विशेष सतर्कता भी बरती जा रही है।

**• बोर्ड की क्विक रिस्पांस टीम करेगी फौरन कार्रवाई**

नकलमुक्त परीक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और शांतिपूर्ण माहौल में वह निडर होकर परीक्षा दें। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हों, यह हमारी शुभकामनाएं हैं।
भगवती सिंह, सचिव, यूपी बोर्ड

### सीसीटीवी से निगरानी

- परीक्षा केंद्रों पर 24×7 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं की स्ट्रांग रूम से निकासी भी कैमरे के अधीन की जाएगी। राज्य स्तरीय निगरानी कक्षों के माध्यम से हर परीक्षा कक्ष का लाइव ऑडियो-वीडियो फीड जिला तथा मुख्यालय तक भेजा जाएगा, जिससे अत्यधिक निगरानी हो सके।

## सिटी ब्रीफ

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं अब 13 फरवरी तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की समय सीमा में फिर से एकबार विस्तार किया गया है। अब यह परीक्षाएं 13 फरवरी तक विस्तारित कर दी गई है। जबकि बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों आरंभ हो रही हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कुछ विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं नहीं हो पाने के कारण समय सीमा में विस्तार किया गया है। बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया है कि अवशेष प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पादित कर 13 फरवरी तक परिषद की वेबसाइट पर शत-प्रतिशत अंक अपलोड किया जाना चाहिए।

### संस्कृत विवि में शैक्षिक प्रतियोगिताओं आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक अभिरुचि व प्रतिभा संवर्धन के लिए आज विषयानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षाशास्त्री और बीए ऑनर्स आदि कक्षाओं के विद्यार्थी अपनी-अपनी विद्याशाखाओं के अंतर्गत निर्धारित विषयों पर सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सुभाषित-विचार, व्याकरणशास्त्र विषयक विचार, संस्कृत साहित्य आधारित काव्य प्रस्तुति, ज्योतिषशास्त्र विषयक विश्लेषण, वैदिक एवं दर्शन सम्बन्धी विमर्श, शिक्षाशास्त्रीय विषय तथा समसामयिक विषयों पर वाद-विवाद, चर्चा आदि प्रतियोगिताएं सम्मिलित हैं।

### बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंडित दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता आज आयोजित की जायेगी। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, लखनऊ की देखरेख में होने वाली इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के जूनियर बालक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में आठ टीमें जीत के लिए अपना पूरा दमखम लगायेंगी।

### विद्यार्थियों के साथ सुना परीक्षा पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को सुनने के लिए माध्यमिक विद्यालयों में विशेष प्रबंध किए गए थे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छोटी जुबिली में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम एपीसोड दो का आयोजन किया गया था। जहां पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा। इस कार्यक्रम में परीक्षा के दौरान और परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए और अपना आत्मविश्वास बनाएं रखना चाहिए इसका मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक कथाओं के माध्यम से उत्साहित किया।

### डीवाईए और एलडीए ने जीत से किया आगाज़

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग (डिवीजन ए) के मुकाबलों में सोमवार को दयानंद यंगमेंस एसोसिएशन (डीवाईए) और एलडीए कोचिंग सेंटर ने शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। डीवाईए ने अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब को 86 रनों से पराजित किया, जबकि एलडीए कोचिंग सेंटर ने आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब को छह विकेट से मात दी।

### लखनऊ की वैष्णवी को कांस्य पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंडर-19 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेंगलुरु में आयोजित इस प्रतियोगिता में यूपी के खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक जीतकर यह कामयाबी हासिल की। मेरठ के डैनी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने मुक्कों की बारिश कर आगरा के लक्ष्य सिंह परिहार को पराजित किया। लक्ष्य को इस मुकाबले में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों मुक्केबाजों ने अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन तकनीक और जुझारूपन का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के तीन अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते। इनमें लखनऊ की वैष्णवी पाल, मेरठ की जिया और कुंवर साहब शामिल हैं। यूपी की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई।

# बीकेटी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**अमृत विचार , लखनऊः** सीनियर जिला स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप (महिला एंव पुरुष) में बीकेटी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। महिला और पुरुष दोनों वर्गों में बीकेटी इंटर कॉलेज की टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप के महिला वर्ग में बीकेटी इंटर कॉलेज (ब्ल्यू) टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए बीकेटी इंटर कॉलेज (रेड) को 12-01 के बड़े अंतर से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। वहीं पुरुष वर्ग में बीकेटी इंटर कॉलेज और सेंट्रल पब्लिक स्कूल (रेड) के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सेमीफाइनल में बीकेटी इंटर कॉलेज ने सेंट्रल पब्लिक स्कूल (ब्ल्यू) को 12-01 से शिकस्त दी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सेंट्रल पब्लिक स्कूल (रेड) ने पिंटो एम सूर्या एकेडमी को कड़े मुकाबले में 06-04 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई।


पर्यावरण पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में उपस्थिति विशेषज्ञ। अमृत विचार

# जलवायु परिवर्तन से फसल चक्र प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन आज के समय का सबसे बड़ा संकट बन चुका है, जिससे न केवल देश का फसल चक्र प्रभावित हो रहा है, बल्कि ग्रीष्म और शीत ऋतु की बरसात के समय में भी स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है। नैशनल पीजी कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में पर्यावरणविदों ने जलवायु परिवर्तन के कारणों और उसके प्रभावों पर गंभीर मंथन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रकृति का सीमा से अधिक दोहन मनुष्य द्वारा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन का संकट भारत सहित पूरी दुनिया पर गहराता जा रहा है।

अमेरिका के इंटरनेशनल अर्थ डे नेटवर्क के सहयोग से आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'ग्लोबल एनवायरमेंटल इश्यूजः सॉल्यूशंस थ्रू एडवांस्ड ज्योग्राफिकल टेक्नोलॉजी एंड एंप्लॉयमेंट अपारच्यूनिटी' में जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. करुणा सिंह, रीजनल डायरेक्टर अर्थ डे नेटवर्क इंडिया रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में जलवायु परिवर्तन, सस्टेनेबल फैशन, ग्रीन इकोनामी तथा युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही प्रतिभागियों को यंग क्लाइमेट चैंपियनशिप प्रोग्राम की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण में नवाचार के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित है।

### बरसात के समय में बदलाव

- विशेषज्ञों ने बताया कि मनुष्य के गलत कार्यों के कारण लगातार जलवायु परिवर्तन हो रहा है। इसके चलते ग्रीष्मकालीन बरसात का समय अब अक्टूबर से नवंबर तक बढ़ गया है, जबकि शीतकालीन वर्षा का समय मार्च-अप्रैल में खिसक गया है, जो पहले रबी की फसलों के लिए लाभदायक माना जाता था।

# लविवि में नए स्वर्ण पदक की हुई शुरुआत

**• दीक्षांत समारोह में दिए जाएंगे दो नए स्वर्ण पदक**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद ने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए चार नए स्वर्ण पदकों की घोषणा की है। इसे विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु नए स्वर्ण पदक स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

### नए स्वर्ण पदक

- प्रो. एसजेएच आब्दी स्वर्ण पदक
  - एमए अंग्रेजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा। यदि दो विद्यार्थियों के अंक समान हों, तो अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को दिया जाएगा।
- चन्द्रमणि सिंह स्वर्ण पदक
  - परास्नातक (ज्योतिर्विज्ञान) परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा।

# आईआईएम निदेशक ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात


केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ आईआईएम निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के निदेशक प्रो. एम. पी. गुप्त ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट की। इस दौरान भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व विकसित करने में अग्रणी प्रबंधन संस्थानों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रो. गुप्ता ने मंत्री को आईआईएम में बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने अंतर्विषयक पाठ्यक्रमों, सार्वजनिक नीति, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण, वैश्विक सहयोग, अनुसंधान तथा कार्यकारी शिक्षा (एग्जीक्यूटिव एजुकेशन) से जुड़ी पहलों पर प्रकाश डाला। प्रो. गुप्ता ने संस्थान द्वारा बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में किए जा रहे निवेश, नेतृत्व एवं नवाचार को प्रोत्साहन, छात्र गतिशीलता को समर्थन देने हेतु छात्रवृत्तियों की व्यवस्था तथा समावेशी शिक्षा के लिए दूरदराज़ और भौगोलिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक पहुंच बनाने के प्रयासों की भी जानकारी दी।

# ईडन क्लब ने राइजिंग क्लब को 146 रन से दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचारः** अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम में सोमवार से शुरू हुई त्रिकोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में ईडन क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राइजिंग क्लब को 146 रन से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए ईडन क्लब ने निर्धारित ओवरों में 382 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से मो. तल्हा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 100 रन बनाए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग क्लब की टीम ईडन क्लब के गेंदबाज़ों के सामने टिक नहीं सकी और 236 रन पर सिमट गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ रॉयल इंटरप्राइजेज के महानिदेशक हर्षवर्धन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर उन्होंने साफ किया कि स्टेडियम के निजीकरण के बाद खिलाड़ियों से किसी भी प्रकार का शुल्क बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# यूनिटी कालेज में कौशल उत्सव सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में कला और कौशल उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। इस उत्सव में रचनात्मकता, नवाचार और व्यावसायिक उत्कृष्टता का माहौल देखने को मिला। वेदा एनीमेशन कॉलेज और यूनिटी आईटीआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रदर्शनी ने अत्याधुनिक डिजिटल एनीमेशन से लेकर उद्योग उन्मुख तकनीकी कौशल तक विद्यार्थियों की विविध प्रतिभाओं को सशक्त मंच मिला।

इस अवसर पर उद्योग, कला, फैशन, शासन एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अरीज़ सॉल्यूशंस के हेड ऑफ मार्केटिंग नौशाद अली, आर्ट ऑरेंज आईटी सॉल्यूशंस के निदेशक रईस अब्बास रिजवी, स्क्वायर पिक्सल स्टूडियोज़ के प्रमुख शैजी तथा लखनऊ आर्ट्स कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता गिरीश तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रोफेशनल पोर्टफोलियो और तकनीकी दक्षता की सराहना की।

ललित कला, फैशन एवं पर्सनल केयर के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व एसएन लाल, प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर अस्मा हुसैन, सादिक रजा तथा प्रख्यात स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. अस्मा परवीन की मौजूदगी भी उल्लेखनीय रही। उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी, आईटीआई के प्राचार्य आर के यादव, निजी आईटीआई लखनऊ मंडल के अध्यक्ष आर के द्विवेदी, राजकीय आईटीआई के फोरमैन ओम कुमार तिवारी और सामाजिक कार्यकर्त्ता मेराज हैदर भी इस आयोजन में मौजूद रहे।

### शहर की निधि, ओम गौरव और रचना ने जीते स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊः** हजरतगंज स्थित इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में सोमवार को आयोजित अंतर जिला बालक और बालिका जूडो प्रतियोगिता में राजधानी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया। सब जूनियर बालक वर्ग में 40 किग्रा से कम भार वर्ग में ओम सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में 44 किग्रा से कम भार वर्ग में निधि ने प्रथम स्थान हासिल किया। कैडेट बालक वर्ग में 55 किग्रा से कम भार वर्ग में गौरव ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कैडेट बालिका वर्ग में 40 किग्रा से कम भार वर्ग में रचना ने स्वर्ण पदक जीतकर लखनऊ का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता से पूर्व जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) के महानिदेशक टोरू उमाची और स्टाफ पार्टनर प्रोग्राम डिवीजन की मिक्की त्सुजुकी ने आगामी नागोया (जापान) एशियन पैरा गेम्स 2026 के मस्कट और पोस्टर का अनावरण किया।

**आयोजन** | बाजार प्रणाली से निर्धारित होती है राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति

# स्वामी विवेकानंद ने बौद्धिक संपदा अधिकार का प्रयोग किया



बीबीएयू में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति डॉ. आरके मित्तल। अमृत विचार

**• बीबीएयू में हुआ बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** किसी भी देश की अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़ी होती है। स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे पहले भारतीय थे जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईपीआर का प्रभावी उपयोग किया। एग्जामिनर ऑफ पेटेंट डिजाइन एंड नीपैम ऑफिसर डॉ. यासिर अब्बास जैदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में कहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके मित्तल ने कहा कि आज वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बाज़ार प्रणाली के माध्यम से देशों की आर्थिक स्थिति निर्धारित होती है और इसमें आईपीआर की भूमिका निर्णायक है।

कुलपति ने कहा कि वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के आने के पश्चात आईपीआर के क्षेत्र में व्यापक सुधार देखने को मिले हैं व भारत में पेटेंट, डिज़ाइन, जीआई टैग और ट्रेडमार्क जैसे क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो न केवल देश की नवाचार क्षमता को दर्शाती है बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की मज़बूत उपस्थिति को भी रेखांकित करती है। आईपीआर जैनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका अत्यंत अहम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईपीआर न केवल हमारे अधिकारों का संरक्षण करता है, बल्कि नवाचार और शोध को आगे बढ़ाने के लिए एक नया आत्मविश्वास भी उत्पन्न करता है। आईआईसी अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने कहा कि यह ज्ञान और नवाचार को कानूनी पहचान देकर समाज में रचनात्मकता की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

## सिटी डायरी


शिविर के समापन अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाती छात्राएं।

### अवध गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस शिविर सम्पन्न

**अमृत विचार , लखनऊ :** अवध गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एकता पर पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जो छात्रों की सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने वाले थे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा के लिए प्रेरित किया, समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक उत्थान हेतु चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश प्रताप सिंह, उप निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, प्रो. अमरेंद्र कुमार, एनएसएस समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्राचार्या प्रो. बीना राय उपस्थिति रही।


अंग्रेजी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

### दिव्यांगता को सामाजिक व सांस्कृतिक रूप में समझना होगा

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में "साहित्य के अंतर्विषयी दृष्टिकोण" विषय पर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का स्वागत भाषण प्रो. नाज़नीन खान द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. बानी ब्रत महंता ने "नॉर्मेटिविटी : दिव्यांगता अध्ययन का एक परिचय" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को समझने के लिए शैक्षणिक और सामाजिक दोनों प्रकार के दृष्टिकोणों को समझना होगा। सह संयोजक प्रो. आरपी सिंह व प्रो. आरबी शर्मा, डॉ. परिधि किशोर, डॉ. राज गौरव वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



लविवि के विधि छात्र जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### मासिक धर्म और कानूनी संरक्षण पर दी महिलाओं को जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगर चौगावां के निवासियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई। सदस्य पलक चौधरी ने मासिक धर्म और संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन जीने अधिकार के संदर्भ में बताया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत सरकार एवं अन्य का भी उल्लेख किया। समानता सुनिश्चित करने हेतु विद्यमान सरकारी नीतियों एवं अधिकारों की जानकारी दी गई।



सीएमएस की विजेता छात्र टीम।

### सीएमएस कैम्ब्रिज को 'बेस्ट इन नार्थ रीजन' अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्र टीम ने अखिल भारतीय 'कैम्ब्रिज साइंस रिसर्च कम्पटीशन' में 'बेस्ट इन नार्थ रीजन' अवार्ड जीता। प्रतियोगिता में देशभर के 90 से अधिक विद्यालय शामिल थे। विजेता टीम में कृतिका सिंह, अभिषेक यादव, मायरा अरोड़ा, दर्श अग्रवाल, अनुराग यादव व ऐशानी त्रिपाठी शामिल हैं।